6703
08.01.2021 श्री कुलदीप जी

प्रेषक,

सहायक अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–बरेली।

सेवा में,

बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बरेली।

पत्रांक 323 /ग्रा0अ0वि0/निरीक्षण/जांच/2020–21/दिनांक 7-12-2020

विषय :– **विद्यालय भवन के नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुरूप होने सम्बन्धी जांच के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली के कार्यालय पत्रांक 944 दिनांक 14.08.2020 के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 21.09.2020 को मदर तेरेसा मैमोरियल स्कूल, करगैना क्यारा जिला बरेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय प्रबन्धक के स्तर से पंजीकृत आर्कीटैक्टर द्वारा बनाये गये विद्यालय भवन का मानचित्र प्रस्तुत किया गया। विद्यालय भवन मानचित्र के अनुसार बनाया गया है एवं प्रत्येक कक्ष में दो दरवाजों एवं खिडकियों का प्राविधान किया गया है एवं भवन में Cross Ventilation पर्याप्त है एवं Staircase tread & Rise मानक के अनुरूप पाया गया। विद्यालय भवन के निर्माण में आर0सी0सी0, बीम एवं कॉलम का प्रयोग हुआ है।

उपरोक्त बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुये विद्यालय भवन को एन0बी0सी0 के मानकों के अनुरूप प्रथम दृष्टया संतोषजनक प्रतीत हुआ।

**संलग्नक :– विद्यालय भवन का
पंजीकृत आर्किटैक्ट द्वारा
स्वीकृत मानचित्र।**

भवदीय

सहायक अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–बरेली।

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

01 मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।

02 अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली को उनके कार्यालय पत्रांक 944 दिनांक 14.08.2020 के क्रम में।

सहायक अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–बरेली।

Principal
Mother Teresa Mem. Sch.
Kargaina, Kareli (Bareilly)

Manager
Mother Teresa Mem. Sch.
Kargaina, Kareli (Bareilly)

# कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बरेली।

पत्रांकः व0स0–3/मान्यता/24839-40 /2020–21 दिनॉकः 12/01/2021

प्रबन्धक,
मदर तेरेसा मैमोरियल स्कूल,
करगैना वि0ख0 क्यारा, बरेली।

**विषयः विद्यालय भवन के नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुरूप होने सम्बन्धी प्रमाण–पत्र विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र दिनॉकः 01.09.2020 जोकि मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली को सम्बोधित है, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मानस स्थली पब्लिक स्कूल, निकट फरीदपुर, बरेली को बेसिक शिक्षा विभाग से अंग्रेजी माध्यम की कक्षा एक से पॉच तथा कक्षा छः से आठ तक की मान्यता हेतु विद्यालय के भवन की जॉच कराते हुए नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुरूप होने सम्बन्धी प्रमाण–पत्र निर्गत किए जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में तत्पश्चात कार्यवाही के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा विद्यालय भवन की जॉच हेतु अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, बरेली को नामित करते हुए जॉच आख्या उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए। तदुपरान्त सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बरेली के पत्र सं0: 323/ग्रा0अ0वि0/निरीक्षण/जॉच/2020–21 दिनॉकः 07.12.2020 के माध्यम से उपरोक्त भवन की जॉचोपरान्त विद्यालय भवन के एन0बी0सी0 कोड के मानकों के अनुरूप होने सम्बन्धी प्रेषित प्रमाण–पत्र/आख्या प्रदत्त निर्देशों के अनुक्रम में मूल रूप में पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नकः उक्तवत्।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बरेली।

पृ0सं0: व0स0–3/मान्यता/ /2020–21 तद्‌दिनॉक

प्रतिलिपिः मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली की सेवा में जॉच अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र/आख्या की छायाप्रति सहित सूचनार्थ प्रेषित।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बरेली।

Principal
Mother Teresa Mem. Sch.
Kargaina, Kareli (Bareilly)

Manager
Mother Teresa Mem. Sch.
Kargaina, Kareli (Bareilly)